प्राक्कथन

यह निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन, भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के लेखा एवं लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा निष्पादन लेखापरीक्षा दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार किया गया है।

ऑयल एण्ड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओ.एन.जी.सी) अभितट एवं अपतट दोनों क्षेत्रों में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के अन्वेषण, उत्पादन और बिक्री के कार्य में संलग्न है। ड्रिलिंग परिचालन कंपनी की एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण गतिविधि है और कंपनी ने इस गतिविधि पर 2010-14 के दौरान 50 *प्रतिशत* से अधिक व्यय किया। इस प्रकार ड्रिलिंग के लिए नियोजित रिग परिचालनों के प्रबंधन का सर्वाधिक महत्व है।

इस प्रतिवेदन में ओएनजीसी में रिगों की उपयोगिता पर निष्पादन लेखापरीक्षा के परिणामों को शामिल किया गया है। प्रतिवेदन में 2010-11 से 2013-14 तक की अवधि शामिल की गई है। प्रतिवेदन, ओएनजीसी में रिगों के नियोजन, भाड़े पर लेने, परिनियोजन और रखरखाव संबंधी दस्तावेजों/अभिलेखों की संवीक्षा पर आधारित है।

लेखापरीक्षा, इस निष्पादन लेखापरीक्षा के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएनजी) और ओएनजीसी प्रबंधन द्वारा दिए गए सहयोग एवं सहायता के लिए आभार व्यक्त करती है।